भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2331
उत्तर देने की तारीख : 13 दिसम्बर, 2021

पुस्तकालयों में रिक्तियां

2331. डॉ. जयंत कुमार राय :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत कई पुस्तकालय कार्य करते हैं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इन पुस्तकालयों में कई पद लंबे समय से खाली पड़े हैं, जो उनके कार्य निष्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं;
(घ) यदि हां, तो पुस्तकालय-वार रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है;
(ड़) क्या सरकार इन रिक्त पदों को भरने के लिए कोई कदम उठा रही है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
(जी. किशन रेड्डी)
संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(क) और (ख) : जी, हां। संस्कृति मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित 7 पुस्तकालयों/संगठनों को वित्तपोषित किया जाता है :

(i) रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर, उत्तर प्रदेश
(ii) राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता
(iii) खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना, बिहार
(iv) दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली
(v) राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता
(vi) केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार, नई दिल्ली
(vii) केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय, कोलकाता

(ग) और (घ) : इन पुस्तकालयों के अंतर्गत रिक्त पड़े हुए पदों का विवरण **अनुलग्नक-क** पर दिया गया है।

(ड.) और (च) : जी, हां। जब कभी रिक्तियां उत्पन्न होती हैं, तब सरकार द्वारा मामले के अनुसार समय-समय पर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं जैसे कि विभागीय प्रोन्नति समिति का आयोजन, रिक्ति को विज्ञापित करना और प्रस्तावों को संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग को भेजना।

अनुलग्नक-क

'पुस्तकालयों में रिक्तियां' के संबंध में दिनांक 13 दिसम्बर, 2021 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2461 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	संगठनों का नाम	पदों का नाम	रिक्त पदों की संख्या
1.	राष्ट्रीय पुस्तकालय	समूह क के लिए रिक्त पद	03
		समूह ख के लिए रिक्त पद	33
		समूह ख के लिए रिक्त पद	110
		कुल	146
2.	केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय	सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	2
		पुस्तकालय एवं सूचना सहायक	11
		उच्च श्रेणी लिपिक	9
		कुल	22
3.	केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार	निदेशक	1
		एएलआईओ (भाषा)	1
		एलआईए	8
		एसएलए	2
		कनिष्ठ प्रचालक	1
		कुल	13
4.	राजा राम मोहनराय पुस्तकालय प्रतिष्ठान	सांख्यिकीय सहायक लेवल-5	1
		अवर श्रेणी लिपिक लेवल-2	1
		स्टाफ कार ड्राइवर लेवल-2	1
		कुल	3
5.	दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी	वरिष्ठ पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	01
		पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	01
		सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	05
		सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी (ब्रेल)	01
		अनुभाग अधिकारी	01
		पुस्तकालय एवं सूचना सहायक	15
		पुस्तकालय लिपिक	04
		सहायक	03
		हिन्दी अनुवादक-सह-सहायक	01

		यूडीसी	06
		वायरमैन	01
		एमटीएस (पुस्तकालय)	12
		एमटीएस (सामान्य	10
		कुल	61
6.	खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी	सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	1
		आशुलिपिक	1
		टाइपिस्ट	2
		परिरक्षक	1
		कुल	5
7.	रामपुर रजा पुस्तकालय	निदेशक	01
		सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी	02
		पुस्तकालय एवं सूचना सहायक	02
		अवर श्रेणी लिपिक	02
		कुल	07